शवनम (SHAVANAM)
असिस्टेन्ट प्रोफेसर
समाजशास्त्र विभाग
महात्मा गाँधी बाालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज फिरोजाबाद

मुस्लिम महिलाओं के बीच डिजिटल तकनीकी का प्रयोग- फिरोजाबाद नगर का एक अध्ययन

सार-

इक्कीसवीं सदी के युग में विज्ञान एवं तकनीकी का प्रचुर मात्रा में विकास हुआ है। देश के विकास के लिए और यह समाज के प्रत्येक सदस्य के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण आयाम है। वर्तमान समय में कम्प्यूटर, लैपटॉप, टैबलेट, आइपैड, स्मार्टफोन आदि के प्रयोग में वृद्धि देखी जा रही है। इन डिजिटल तकनीकी उपकरणों के माध्यम से कार्यों को बहुत सुगम और कम समय में किया जा रहा है। डिजिटल तकनीकी का प्रयोग वर्तमान तकनीकी युग व वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अपरिहार्य व महत्वपूर्ण है क्योंकि डिजिटल तकनीकी प्रयोग के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार, सूचना, सृजन व कम समय में अधिक ज्ञान अर्जित कर सकता है। उक्त सन्दर्भ को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत अध्ययन **'मुस्लिम महिलाओं के बीच डिजिटल तकनीकी का प्रयोग- फिरोजाबाद नगर का एक अध्ययन'** का चुनाव किया गया है। इस अध्ययन में सिम्पल रैण्डम सैम्पलिंग तकनीक के द्वारा कुल निदर्शन आकार में 100 उत्तरदाताओं को चयनित किया गया है। यह अध्ययन प्राथमिक व द्वितीयक डेटा पर आधारित है। इस अध्ययन का उद्देश्य फिरोजाबाद नगर की मुस्लिम महिलाओं में डिजिटल साक्षरता, डिजिटल तकनीकी प्रयोग, डिजिटल तकनीकी प्रयोग के उद्देश्य एवं मुस्लिम परिवारों में डिजिटल तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता के विषय में जानकारी एकत्रित करना है।

मुख्य शब्द-

मुस्लिम महिला, डिजिटल साक्षरता, डिजिटल तकनीकी, प्रयोग।